आईआईएम से स्कूलों के विलय का मूल्यांकन कराएगी सरकार

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (आईआईएम) रांची द्वारा 4,600 स्कूलों के विलय का मूल्यांकन कराया जाएगा। राज्य सरकार ने इस पर आनेवाले खर्च का प्रस्ताव मांगा है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रधान सचिव एपी सिंह ने कहा, नीति आयोग अपने स्तर से इसका मूल्यांकन आईआईएम, बेंगलुरू द्वारा करा रहा है। राज्य सरकार ने भी आईआईएम, रांची से मूल्यांकन कराने का निर्णय लिया है। विलय के बाद कराए गए आंतरिक सर्वे का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, इससे सात लाख बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बेहतर माहौल मिला है। 4,500 शिक्षकों की जरूरत कम हुई है तथा लगभग 400 करोड़ रुपए बचे हैं। विलय के बाद 150 ऐसे स्कूल चिह्नित किए गए थे जहां के बच्चे पुनर्गठित स्कूल में नहीं जा रहे थे।

सेकेंड फेज में 6,466 स्कूल

शिक्षा सचिव ने बताया कि सेकेंड फेज में पुनर्गठन के लिए 6,466 स्कूलों की पहचान की गई है।

Dainik Bhaskar, 21.12.2018, Pg. 2